आकाशवाणी शिमला

06.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने और प्रदेश के हरित आवरण को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज शिमला के गलैन में राज्य रेडक्रास सोसायटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण अभियान में बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने देवदार का पौधा रोपित किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रही प्राकृतिक आपदाएं चिंता का विषय है, इसके लिए हमें पर्यावरण संरक्षण व हरित आवरण को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से सितंबर, 2024 तक 80 करोड़ और मार्च, 2025 तक एक अरब से अधिक पौधे लगाना है। राज्यपाल ने इस अभियान में हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में और सुधार लाएगी। वे आज शिमला में राष्ट्रीय स्तर के हिंदी दैनिक समाचार पत्र के मेधावी छात्र सम्मान समारोह में स्कूल शिक्षा बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने दसवीं और 12वीं के दो सो 22 मेधावी विद्यार्थियों को मैडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी ऐच्छिक निधि से सभी मेधावी विद्यार्थियों को 25–25 हजार रूपए देने की घोषणा की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति दृढ़ इच्छा शक्ति और मेहनत के बल अपना लक्ष्य हासिल कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने गुणात्मक शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया है और कम बच्चों वाले सरकारी स्कूलों को बंद करने का कड़ा फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के बावजूद शिक्षा में सुधार लाने के उददेश्य से शिक्षकों के खाली पदों को भरने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सम्पन्न लोगों को बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी खत्म कर दी है ताकि पात्र लोगों को बेहतर ढंग से लाभान्वित किया जा सके।

तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन आज छठे दिन भी जारी रहा। तलाशी अभियान के दौरान प्रभावित समेज क्षेत्र में आज सुबह सुन्नी डैम के करीब डोगरी में एक शव बरामद हुआ है। अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने बताया कि पुरूष का ये शव सही हालत में मिला है जिसे पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी सुन्नी भेज दिया गया है। इस क्षेत्र. में अभी तक सर्च ऑपरेशन के दौरान कुल 6 शव बरामद किए जा चुके हैं। उधर मंडी के राजबन में भी तलाशी अभियान के दौरान आज एक महिला का शव बरामद हुआ है और इस हादसे में 10 में से 9 लोगों के शव बरामद हो

चुके हैं। 31 जुलाई को प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में बादल फटने की घटनाओं में अब तक कुल 17 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मंडी के राजबन में 9 और कुल्लू के निरमंड में 2 लोगों के शव मिल चुके हैं जबकि रामपुर के समेज में चल रहे सर्च ऑपरेशन में अब तक 6 लोगों के शव मिल चुके हैं, लेकिन इनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उधर कुल्लू जिला के मलाणा से 11 पर्यटकों को रैस्क्यू कर सुरक्षित कसोल पहुंचाया गया है। कुल्लू के एस.डी.एम. विकास शुक्ला ने बताया कि इन पर्यटकों की रहने व खाने की व्यवस्था कसोल में ही की गई है। इस बीच प्रदेश में भारी बारिश के कारण दो एनएच और 85 सड़कें अभी भी बाधित हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के ताजा आंकड़ों मुताबिक मंडी जिले में सबसे अधिक 35 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। इसके आलवा एक सौ 16 बिजली के ट्रांसफार्मर और 65 पेयजल योजनाएं बाधित हैं जिनहें बहाल करने का कार्य चल रहा है।

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधान सभा का मानसून सत्र 27 अगस्त से 9 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राज्यपाल की संस्तुति के बाद विधानसभा सचिवालय द्वारा आज इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चौदहवीं विधान सभा का ये छठा सत्र होगा। उन्होने कहा कि इस सत्र में कुल 10 बैठकें आयोजित की जाएँगी और सत्र का शुभारम्भ 27 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा।

रणधीर शर्मा

भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में बरसात से भारी नुकसान हुआ है और आपदा के समय भाजपा प्रभावितों के साथ खड़ी है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा आपदा पर राजनीति नही करती है और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रभावितों के बीच जाकर राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं।